प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 25.08.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

राजस्थान उच्च न्यायालय ने बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्कूलों में जंक फूड की बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं स्कूल परिसर और मुख्य द्वार से 50 मीटर के दायरे में पिज्जा, बर्गर, चिप्स और कार्बोनेटेड ड्रिंक जैसे अधिक वसा, चीनी और नमक वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री नहीं होगीं न्यायालय ने स्कूलों को चार सप्ताह में फूड सेफ्टी एंड न्यूट्रिशन कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं कमेटी में शिक्षक, अभिभावक और छात्र प्रतिनिधि शामिल होंगें स्कूल कैंटीन में उपलब्ध भोजन की कैलोरी, सामग्री और पोषण संबंधी जानकारी प्रदर्शित करनी होगीं स्कूलों और आसपास खाद्य पदार्थों की नियमित जांच के लिए टीमें गठित की जाएंगीं जिला मजिस्ट्रेट और ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को हर महीने निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं

00000

कोटा के पूनिया देवली गांव स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में मिड–डे मील के बाद 27 बच्चों के बीमार होने की घटना पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने चिंता जताई हैं उन्होंने जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से घटना की जानकारी लेकर बच्चों के समुचित उपचार और स्वास्थ्य की लगातार निगरानी के निर्देश दिएं श्री बिरला ने घटना की तथ्यात्मक और निष्पक्ष जांच कराने तथा भोजन, पानी और अन्य संभावित चीजों के नमूने लेकर जांच के निर्देश दिएं उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिएं श्री बिरला ने कहा कि जांच में लापरवाही या अनियमितता सामने आने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगीं उन्होंने स्कूलों में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और पानी की शुद्धता की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहां

00000

प्रदेश में आगामी दिसंबर तक मेजर मिनरल की करीब 20 नीलाम खदानों को चालू करने का लक्ष्य रखा गया हैं विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव खान, भूविज्ञान और पेट्रोलियम विभाग की अपर्णा अरोड़ा ने जयपुर में खान विभाग और संबंधित संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में इस लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिएं उन्होंने कहा कि इन खदानों के संचालन से राज्य में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ राजस्व में भी वृद्धि होगी तथा अवैध खनन पर रोक लगाने में मदद मिलेगीं बैठक में खदानों के संचालन के लिए आवश्यक पर्यावरण स्वीकृतियां और अन्य अनुमतियां जल्द जारी करने पर जोर दिया गयां इसके लिए आवेदन के साथ जरूरी दस्तावेज और औपचारिकताओं की चेकलिस्ट जारी करने के निर्देश दिए गएं साथ ही तैयार मेजर और माइनर मिनरल ब्लॉकों की समयबद्ध नीलामी और निगरानी व्यवस्था मजबूत करने पर भी चर्चा हुईं

0000

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं सवाई माधोपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी काना राम ने राज्य निर्वाचन आयुक्त की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद रिटर्निंग अधिकारियों को मतदाता सूचियां अद्यतन करने, दिव्यांग मतदाताओं की सुविधाएं और संवेदनशील मतदान केंद्रों की तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिएं बारां में जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने नगरीय निकाय क्षेत्रों में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया हैं रात दस बजे से सुबह छह बजे तक पूर्ण रोक रहेगीं हनुमानगढ़ में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निष्पक्षता बनाए रखने के निर्देश दिएं पाली में जिला प्रशासन और पुलिस ने फ्लैग मार्च कियां अजमेर में जिला निर्वाचन अधिकारी लोक बंधु ने रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए हैं 27 अगस्त को चुनाव की अधिसूचना जारी होगीं

00000

नागौर जिले में दो अलग–अलग हादसों में पांच लोगों की मौत हो गईं श्रीबालाजी थाना क्षेत्र के लाडिया गांव में डिग्गी में डूबने से दो सगे भाइयों की मृत्यु हो गईं दोनों कल घर से निकले थे और देर रात तक वापस नहीं लौटें तलाश के दौरान दोनों के शव पड़ोसी के खेत में बनी डिग्गी में मिलें वहीं, पांचौड़ी थाना क्षेत्र में पांचौड़ी–माडपुरा मार्ग पर तेज रफ्तार डंपर ने कार को टक्कर मार दीं हादसे में कार सवार दंपती सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गईं एक

व्यक्ति गंभीर घायल हुआ, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गयां पुलिस ने दोनों मामलों में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी हैं

0000

भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान की जैव विविधता और पक्षियों के बारे में जानकारी लेने के लिए 16 देशों के करीब 20 विशेषज्ञों ने उद्यान का भ्रमण कियां भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून की ओर से आयोजित प्रशिक्षण के तहत ये भ्रमण रखा गयां इस दौरान उन्होंने जैव विविधता संरक्षण, प्रबंधन तकनीकों और संरक्षण से जुड़ी चुनौतियों को समझां प्रशिक्षण में दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका और दक्षिण–पूर्व एशिया के विशेषज्ञ शामिल हुएं प्रतिभागियों ने संरक्षण में स्थानीय समुदाय की भागीदारी और धार्मिक भावनाओं के उपयोग के बारे में भी जानकारी लीं

00000